ओडीओपी उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए प्रदर्शनी

तैयारी

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

प्रदेश सरकार ओडीओपी उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए पहली बार इंटरनेशनल वर्चुअल एक्सपो कराने जा रही है। इसमें देश दुनिया की 150 खरीददार कंपनियां एमएसएमई सेक्टर व ओडीओपी उत्पादों को देख कर उनको ऑनलाइन खरीद कर सकेंगी।

एमएसएमई व निवेश प्रोत्साहन मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने बताया कि यह वर्चुअल एक्सपो थ्रीडी होगा। इसके जरिए निवेशकों को खुद के प्रदर्शनी स्थल में होने का आभास होगा वह क्लिक कर कोई भी उत्पाद व स्टाल देख सकेंगे। कारीगरों से आनलाइन बात कर सकेंगे। उनके उत्पादों के लिए बल्क आर्डर भी दे सकेंगे। एमएसएमई विभाग की योजना अगले एक महीने में इसका आयोजन करने की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लाकडाउन काल में यह देश में अपनी तरह का पहला आयोजन होगा। इसके लिए तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। फिक्की इसमें सहयोगी की भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

एमएसमएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल ने इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। एमएमएमई व ओडीओपी उत्पादों की वीडियो शूटिंग का काम शुरू हो गया है।

Indian Express 24.08.2020